
# सुरक्षा जोखिमों का समाधान करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट्स इनस्टॉल कर

## सुरक्षा के लिए तुरंत सॉफ्टवेयर को अपडेट करें

जब भी हमें एक अपडेट अलर्ट दिखाई देता है तो हम में से कई स्वचालित रूप से "बाद में याद दिलाएँ" बटन को दबा देते हैं। एक सॉफ्टवेयर अपडेट में देरी करने से पहले दो बार अवश्य सोचें! ऑनलाइन सेवाओं का सुरक्षित रूप से उपयोग करने का एक आसान तरीका सॉफ्टवेयर को अपडेट रखना है। **इसे अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए, स्वचालित अपडेट्स को चालू रखें!**

### स्वचालित अपडेट्स को चालू करें

डिवाइस सेटिंग्स में, संभवतः सॉफ्टवेयर या सिक्योरिटी के नीचे देखें। या "स्वचालित अपडेट्स" के लिए सेटिंग्स खोजें।








### सूचनाओं के लिए देखें

हर अपडेट स्वचालित नहीं हो सकती। आमतौर पर डिवाइस—मोबाइल फ़ोन, टेबलेट और लैपटॉप—हमें सूचित करते हैं कि अपडेट्स चलाने की ज़रूरत है। सभी अपडेट्स इनस्टॉल करना आवश्यक है, खासतौर पर **वेब ब्राउज़र और एंटी वायरस** के लिए।



### जल्द से जल्द अपडेट्स इनस्टॉल करें

सॉफ्टवेयर अपडेट्स, विशेष रूप से महत्वपूर्ण अपडेट के बारे में सूचित किए जाने पर, उन्हें जल्दी से जल्दी इनस्टॉल करें। ऑनलाइन अपराधी इंतज़ार नहीं करेंगे इसलिए आपको भी नहीं करना चाहिए!

## तुरंत अपडेट करना इतना ज़रूरी क्यों है

यदि कोई अपराधी किसी सुरक्षा खामी की वजह से डिवाइस में प्रवेश कर जाता है, तो वे शोषण करने के लिए निजी जानकारी और संवेदनशील डेटा की तलाश करेंगे। प्रौद्योगिकी प्रदाता सुरक्षा कमजोरियों की जल्द से जल्द "मरम्मत" करने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट्स जारी करते हैं।
**यदि हम उन्हें इनस्टॉल नहीं करते, तो वे हमें सुरक्षित नहीं रख सकते!**

सॉफ्टवेयर अपडेट्स में ये शामिल हो सकते हैं:

**बग्स का समाधान**

**प्रदर्शन को बेहतर बनाना**

**नवीनतम फ़ीचर इनस्टॉल करना**

## सॉफ्टवेयर अपडेट करना **हमारी दुनिया को सुरक्षित** रखने का एक तरीका है।



**हम सभी**
ऑनलाइन एक दूसरे को सुरक्षित रहने में सहायता कर सकते हैं, इसलिए अपने परिवार के किसी सदस्य या मित्र के साथ इन सुझावों को शेयर करें!

cisa.gov/SecureOurWorld